# 150th Birth Anniversary of Birsa Munda

Birsa Munda, born on November 15, 1875, in Ulihatu, Bihar (now in Jharkhand), was a prominent tribal leader and a key figure in India's struggle against British colonial rule. Revered as a folk hero, Birsa Munda's life and legacy represent the fight for the rights of indigenous people, and his contributions have made him an iconic figure in Indian history. Birsa Munda belonged to the Munda tribe, one of the indigenous communities in the Chotanagpur Plateau region. Growing up in a family of traditional agriculturalists, he was steeped in the customs and traditions of his tribe, which instilled in him a deep sense of identity and belonging.

In his formative years, Birsa experienced the oppressive policies of British colonialism and the exploitation of tribal lands by moneylenders and landlords. The loss of tribal rights and land, along with the forced conversion of tribal people to Christianity by missionaries, fueled his awareness of the injustices faced by his community. Birsa's spiritual journey began at a young age, marked by an increasing interest in religion and spirituality. He became a follower of the Birsait sect, which emphasized the worship of a single God and sought to reclaim the tribal way of life from external influences. His charismatic personality and oratory skills helped him attract a following among the tribal communities.

In 1894, Birsa proclaimed himself a prophet and claimed to have a divine mission to liberate his people. He encouraged his followers to abandon the practices imposed by outsiders and return to their traditional beliefs. This spiritual awakening was a critical aspect of his leadership, as it not only unified the tribes but also instilled a sense of hope and resistance against colonial rule.

Birsa's most significant contribution was his leadership of the Ulgulan, or the "Great Rebellion" from 1899 to 1900. This movement aimed to establish Munda Raj and expel British officials and zamindars (landlords) from the region. Birsa's call to arms resonated deeply with the tribal people, who had long suffered under oppressive systems. The Ulgulan was not merely a rebellion; it was a socio-political movement that sought to restore the rights of the Munda tribe over their ancestral lands. Birsa and his followers organized protests, raised awareness about their rights, and mobilized the community to resist exploitation. The movement gained momentum, with thousands joining in the struggle.

Birsa's message emphasized self-governance, land rights, and the revival of tribal identity. He sought to reclaim the land that had been taken from the tribals and to establish a government run by and for the tribal people. His vision was clear: a society based on equality and justice. The growing influence of Birsa Munda and the Ulgulan movement alarmed the British authorities, who responded with a violent crackdown. Despite brutal repression, Birsa continued to inspire his followers with his unwavering resolve. He was eventually captured in February 1900 and imprisoned, tragically dying in custody on June 9, 1900, at the young age of 25. His untimely death did not mark the end of his legacy; rather, it cemented his status as a martyr and symbol of resistance.

Birsa Munda's life and struggle left an indelible mark on the tribal communities of India. His efforts to empower indigenous people and assert their rights have made him a revered figure not only in Jharkhand but across India. His teachings continue to resonate, emphasizing self-determination and justice. Birsa Munda's legacy is celebrated through various cultural and educational initiatives. His birth anniversary is observed as "Birsa Munda Jayanti" a public holiday in Jharkhand and other states, honouring his contributions to the tribal movement. Statues and memorials dedicated to him serve as reminders of his struggle and ideals.

In contemporary India, Birsa Munda's legacy has gained renewed significance as the rights of tribal populations are increasingly recognized. His vision of a just society continues to inspire movements advocating for the rights of indigenous people and environmental conservation. Many activists and organizations draw upon his teachings to address modern issues of land rights, social justice, and cultural preservation. Birsa Munda remains an enduring symbol of resistance against oppression and exploitation. His life, though short, was marked by a profound commitment to the rights of his people and a vision for a just society. As a tribal leader, he not only challenged colonial rule but also revitalized tribal identity and culture, leaving behind a legacy that continues to inspire future generations.

In a world grappling with issues of inequality and injustice, Birsa Munda's story serves as a powerful reminder of the importance of standing up for one's rights and the enduring spirit of resilience in the face of adversity. His contributions to the freedom struggle and the empowerment of indigenous communities are celebrated, ensuring that his legacy as a hero of the tribal people will endure for generations to come.

To commemorate the 150th birth anniversary of Birsa Munda, Department of Posts is proud to release a Commemorative Postage Stamp to honor his profound contributions as a tribal leader and freedom fighter. This initiative recognizes his pivotal role in advocating for the rights of indigenous people and his enduring legacy in India's struggle against colonial oppression. By highlighting his vision for social justice and empowerment, this stamp aims to inspire future generations to uphold his ideals of resilience and unity among tribal communities.

## Credits:

| | | |
|---|---|---|
| Stamp/ FDC/ Brochure/ Cancellation Cachet | : | Shri Sankha Samanta |
| Text | : | Based on information received from Ministry of Culture |


भारतीय डाक
डाक सेवा-जन सेवा
India Post
Dak Sewa-Jan Sewa

भारतीय डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS




बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

150th BIRTH ANNIVERSARY OF BIRSA MUNDA



विवरणिका BROCHURE

# बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती

बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर, 1875 को बिहार के उलिहातू (अब झारखंड में) में हुआ। वे एक प्रमुख आदिवासी नायक थे, जिन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के संघर्ष में अहम भूमिका निभाई। लोक नायक के रूप में पूजे जाने वाले बिरसा मुंडा का जीवन और उनकी विरासत, 'मूल निवासियों' के अधिकारों के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्ष का प्रतीक है। उनके इस योगदान ने भारतीय इतिहास में एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के रूप में उनकी पहचान स्थापित की। बिरसा मुंडा, 'मुंडा' जनजाति से थे। यह जनजाति, छोटा नागपुर पठार क्षेत्र के मूल निवासी समुदायों में से एक है। पारंपरिक कृषक परिवार में पले–बढ़े बिरसा, अपने जनजातीय रीति–रिवाजों और परंपराओं के प्रति गहन रुचि रखते थे। उनकी इस रुचि ने उनमें अपनी जनजातीय पहचान के प्रति अगाध प्रेम और जुड़ाव की भावना पैदा की।

किशोरावस्था से ही, बिरसा ने ब्रिटिश उपनिवेशवाद की दमनकारी नीतियों और साहूकारों तथा जमींदारों द्वारा आदिवासी भूमि के अतिक्रमण जैसी घटनाओं को करीब से देखा। आदिवासी समुदायों के अधिकारों और उनकी जमीन छीने जाने के अलावा मिशनरियों द्वारा आदिवासी लोगों को जबरन ईसाई धर्म में धर्मांतरित करने की घटनाओं ने उनके मन में अपने समुदाय के प्रति हो रहे अन्याय को लेकर गहरा आक्रोश उत्पन्न किया। किशोरावस्था से ही बिरसा की धर्म एवं अध्यात्म के प्रति गहरी रुचि रखने वाले बिरसा ने एकेश्वरवाद आधारित 'बिरसायत संप्रदाय' को अपनाया। यह संप्रदाय, आदिवासियों की जीवन शैली को बाहरी प्रभावों से मुक्त करने हेतु प्रयासरत था। अपने करिश्माई व्यक्तित्व और वाक् कौशल के बल पर बिरसा, आदिवासी समुदायों के एक बड़े वर्ग को अनुयायी बनाने में सफल रहे।

1894 में, बिरसा ने खुद को पैगम्बर घोषित करते हुए घोषणा की कि अपने समुदाय के लोगों का उद्धार ही उनका दिव्य मिशन है। उन्होंने, अपने अनुयायियों को बाहरी लोगों द्वारा थोपी गई प्रथाओं को त्यागने और अपनी पारंपरिक मान्यताओं को पुनः अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। यह आध्यात्मिक जागृति, उनकी नेतृत्व शैली का एक महत्वपूर्ण पहलू था, क्योंकि इसने न केवल विभिन्न जनजातियों को एकजुट किया, बल्कि उनमें औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध लड़ सकने की उम्मीद और प्रतिरोध की भावना भी जागृत की।

बिरसा का सबसे महत्वपूर्ण योगदान वर्ष 1899 से 1900 तक 'उलगुलान' या ''महान विद्रोह'' को नेतृत्व प्रदान करना था। इस आंदोलन का उद्देश्य, मुंडा राज की स्थापना और ब्रिटिश अधिकारियों और जमींदारों को उनके क्षेत्र से बेदखल करना था। बिरसा के सशस्त्र विद्रोह के आह्वान पर लंबे समय से दमनकारी व्यवस्थाओं से पीड़ित आदिवासी जनता ने उनका साथ दिया। उलगुलान मात्र एक विद्रोह नहीं था, बल्कि यह एक सामाजिक–राजनीतिक आंदोलन था जिसका उद्देश्य मुंडा जनजाति के लोगों का उनकी पैतृक भूमि पर पुनः अधिकार स्थापित कराना था। बिरसा और उनके अनुयायियों ने तमाम विरोध प्रदर्शन किए, लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया और समुदाय को संगठित कर उन्हें शोषण के विरुद्ध लड़ने के लिए प्रेरित किया। इन प्रयासों के फलस्वरूप, हजारों लोग एकजुट हुए और आंदोलन को बल मिला।

बिरसा ने अपने संदेशों में स्वशासन, भू अधिकार और आदिवासी पहचान पुनः स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने आदिवासियों से छीनी गई जमीन को वापस प्राप्त करने तथा 'आदिवासियों द्वारा, आदिवासियों के लिए सरकार' स्थापित करने का भी आह्वान किया। उनका दृष्टिकोण स्पष्ट था – समानता और न्याय पर आधारित समाज की स्थापना। बिरसा मुंडा और उलगुलान आंदोलन के बढ़ते प्रभाव ने ब्रिटिश अधिकारियों को चिंता में डाल दिया और वे हिंसक दमन पर उतर आए। अंग्रेजों की तमाम क्रूरताओं के बावजूद, बिरसा अपने दृढ़ संकल्प के बल पर अपने अनुयायियों को प्रेरित करते रहे। अंततः फरवरी 1900 में अंग्रेजों ने उन्हें पकड़कर जेल में डाल दिया और इसी हिरासत के दौरान 9 जून, 1900 को 25 वर्ष की अल्पायु में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी यह असामयिक मृत्यु, उनके विचारों और विरासत का अंत नहीं थी, बल्कि, उनके इस बलिदान ने एक अमर शहीद और क्रान्ति के ध्वजवाहक के रूप में उनकी पहचान स्थापित की।

बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्ष ने भारत के आदिवासी समुदायों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। मूल निवासियों के सशक्तीकरण और उन्हें, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के प्रयासों ने बिरसा मुंडा को न केवल झारखंड बल्कि पूरे भारत वर्ष में एक वंदनीय व्यक्तित्व के रूप में प्रतिष्ठित किया है। स्वराज्य और न्याय के सिद्धांत पर आधारित उनकी शिक्षाएँ आज भी प्रासंगिक हैं। बिरसा मुंडा की अमर विरासत का उत्सव विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षिक पहलों के जरिए मनाया जाता है। आदिवासी आंदोलन में बिरसा मुंडा के योगदान को देखते हुए उनकी जयंती को ''बिरसा मुंडा जयंती'' के रूप में मनाया जाता है। झारखंड तथा अन्य राज्यों में इस दिन सार्वजनिक अवकाश रहता है। बिरसा को समर्पित प्रतिमाएँ और स्मारक, उनके संघर्षों और आदर्शों का स्मरण कराते हैं।

समकालीन भारत में, आदिवासी आबादी के अधिकारों को तेजी से मान्यता मिल रही है। इसके फलस्वरूप, बिरसा मुंडा की विरासत पुनः प्रासंगिक हो गई है। न्यायपूर्ण समाज को लेकर उनका दृष्टिकोण, मूल निवासियों के अधिकारों और पर्यावरण संरक्षण की वकालत करने वाले आंदोलनों को प्रेरित करता है। तमाम सामाजिक कार्यकर्ता और संगठन, भूमि अधिकार, सामाजिक न्याय तथा सांस्कृतिक संरक्षण से संबंधित विभिन्न आधुनिक मुद्दों का समाधान ढूँढने के लिए बिरसा की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हैं। बिरसा मुंडा आज भी उत्पीड़न और शोषण के विरुद्ध प्रतिरोध के चिरस्थायी प्रतीक हैं। उनका छोटा सा जीवनकाल, जनजातीय लोगों के अधिकारों के प्रति उनकी गहन प्रतिबद्धता और न्यायपूर्ण समाज के प्रति उनके दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है। आदिवासी नेता के रूप में, उन्होंने न केवल औपनिवेशिक शासन को चुनौती दी, बल्कि आदिवासी पहचान और संस्कृति को भी पुनर्जीवित किया। वह अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ गए हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती रहेगी।

असमानता और अन्याय की समस्या से जूझ रही दुनिया में, बिरसा मुंडा की जीवन गाथा अपने अधिकारों के लिए लड़ने और प्रतिकूल परिस्थितियों का डटकर सामना करने के महत्व का संदेश देती है। स्वतंत्रता संग्राम और स्थानीय समुदायों के सशक्तीकरण में बिरसा मुंडा के योगदान को आज भी याद किया जाता है। आदिवासी जनता के नायक के रूप में उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को निःसंदेह प्रेरित करती रहेगी।

आदिवासी नायक और स्वतंत्रता सेनानी के रूप में बिरसा मुंडा के अप्रतिम योगदान के सम्मानस्वरूप डाक विभाग, बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए गौरव का अनुभव करता है। यह पहल, स्थानीय निवासियों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका और औपनिवेशिक उत्पीड़न के विरुद्ध भारत के संघर्ष में उनके अभूतपूर्व योगदान को रेखांकित करती है। सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण के उनके दृष्टिकोण को उजागर करते इस डाक–टिकट का उद्देश्य भावी पीढ़ियों को आदिवासी समुदायों के जुझारूपन और उनकी एकता के संबंध में भगवान बिरसा मुंडा द्वारा स्थापित प्रतिमानों का अनुसरण करने हेतु प्रेरित करना है।

**आभार :**

| | |
|---|---|
| डाक–टिकट / प्रथम दिवस आवरण / विवरणिका / विरूपण कैशे | : श्री शंख सामंत |
| पाठ | : संस्कृति मंत्रालय से प्राप्त जानकारी पर आधारित |


# तकनीकी आंकड़े

**TECHNICAL DATA**

| | |
|---|---|
| जारी करने की तारीख | : 15.11.2024 |
| Date of Release | : 15.11.2024 |
| मूल्यवर्ग | : 500 पैसे |
| Denomination | : 500 p |
| मुद्रितडाक–टिकटें | : 202800 |
| Stamps Printed | : 202800 |
| मुद्रण प्रक्रिया | : वेट ऑफसेट |
| Printing Process | : Wet Offset |
| मुद्रक | : प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद |
| Printer | : Security Printing Press, Hyderabad |

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 15.00